# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 14/05/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Bhaskar, Sonipat, (Haryana)**

# 'दंगा, आंदोलन या हिंसा जैसे मामलों पर काबू पाने को आरएएफ के जवान रहते हैं तैयार'

## आरएएफ ने गन्नौर व बड़ी थाना एरिया में निकाला फ्लैग मार्च, लोगों से ली जानकारी

भास्कर न्यूज | गन्नौर



सोनीपत. रेलवे रोड पर फ्लैग मार्च निकालते आरएएफ व पुलिस जवान।

भविष्य में कोई दंगा या आंदोलन होने की स्थिति और उससे निपटने के लिए गुरुवार को रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 194वीं वाहिनी की टीम ने गन्नौर व बड़ी पुलिस थाना एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। यहां आरएएफ के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च के दौरान इलाके की भौगोलिक स्थिति का जायजा लेते हुए क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। आरएएफ टुकड़ी की अध्यक्षता डिप्टी कमांडेंट बृज मोहन मीणा ने की। इस दौरान आरएएफ के निरीक्षक धनराज यादव, योगेंद्र बसीठा, गन्नौर थाना प्रभारी धीरज कुमार व बड़ी पुलिस थाना से एसआई सतबीर सिंह सहित पुलिस के जवान उनके साथ रहे।

सोनीपत जिला में गुरुवार को चौथे दिन आरएएफ के अधिकारी टीम के साथ गन्नौर पुलिस थाने में पहुंचे। यहां स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के साथ कई बिंदुओं पर गहनता के साथ चर्चा की। आरएएफ 194 के डिप्टी कमांडेंट बृजमोहन मीणा ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशों अनुसार गुरुवार को गन्नौर व बड़ी क्षेत्र का दौरा किया गया। यहां भविष्य में कोई आंदोलन, दंगा होता है तो उससे कैसे निपटा जाए तथा मौके पर आकर कैसे कार्रवाई की जाए, इसको लेकर इलाके की भौगोलिक स्थिति को गहनता से जांचा परखा गया है। उन्होंने बताया कि दंगा, आंदोलन या हिंसा जैसे मामलों पर काबू पाने के लिए आरएएफ के जवान हर समय तैयार रहते हैं। गन्नौर थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया आरएएफ के अधिकारियों ने एरिया के प्रमुख व्यक्तियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं से बातचीत कर इलाके के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की है।

Dainik Bhaskar, Karnal, (Haryana)

# सुरक्षा की दृष्टी से तीसरे दिन रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस ने इंद्री एरिया में निकाला फ्लैग मार्च

भास्कर न्यूज|करनाल

रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस की तरफ से तीसरे दिन बुधवार को इंद्री एरिया में मार्च निकाला गया। फोर्स ने पुलिस थाना इंद्री के प्रभारी निरीक्षक सतपाल से भी मुलाकात की और इंद्री थाना क्षेत्रों के संबंध में विभिन्न अहम जानकारियां हासिल की। रैपिड एक्शन की टीम ने पुलिस के जवानों को रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कम घातक हथियारों व मुनेशन के बारे में परिचय करवाया। पुलिस के साथ मिलकर थाना इंद्री के विभिन्न क्षेत्रों में मार्च किया गया। थाना क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया व थाना क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी हासिल की गई। वरिष्ठ नागरिकों/समाज सेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके अलावा आमजन से भविष्य में संभावित दंगों के बारे में व अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। उप कमांडेंट मोहन सिंह ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, अर्धसैनिक बलों और आमजन में सामंजस्य बनाना है। जिससे कि भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके।



इंद्री थाना एरिया में रैपिड एक्शन फोर्स फ्लैग मार्च की तैयारी में थाने के बाहर मौजूद।

**Dainik Bhaskar, Karnal, (Haryana)**

# आतंकी मंसूबे नाकाम



सिटी थाना क्षेत्र के चौड़ा बाजार में फ्लैग मार्च निकालती आरएएफ। अमर उजाला

जीटी रोड स्थित बसताड़ा टोल प्लाजा पर सुबह चार बजे जिला पुलिस ने चार आतंकियों को इनोवा कार सहित पकड़ा था। उनसे भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, पाकिस्तानी पिस्तौल, 31 कारतूस, 1.30 लाख रुपये और छह मोबाइल भी बरामद किए गए थे। बताया जा रहा है कि आतंकी रात के अंधेरे में ड्रोन का प्रयोग करते थे और पाकिस्तान से हरविंद्र सिंह रिंदा बार्डर के 3-4 किलोमीटर के दायरे में ही विस्फोटक सामग्री, हथियार व नशीले पदार्थ की सप्लाई करता था। उन जगहों की पुलिस ने निशानदेही भी करा ली है लेकिन अभी पुलिस की चिंता कम नहीं हुई है, क्योंकि आतंकियों द्वारा लाई गई पहली दो विस्फोटक खेप का अभी तक पता नहीं चला है।

(संबंधित समाचार मुख्य संस्करण में)

## आरएएफ और पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

करनाल। बसताड़ा टोल प्लाजा पर चार आतंकवादियों के पकड़े जाने के बाद मंगलवार को दूसरे दिन भी रैपिड एक्शन फोर्स व जिला पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सिटी थाना, सिविल लाइन थाना व सदर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारियों के साथ मिलकर निकाला गया।

इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट मोहन सिंह, पुलिस थाना सदर प्रभारी (कार्यवाहक) उप निरीक्षक सुखपाल, पुलिस थाना सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार व पुलिस थाना शहर निरीक्षक कमलदीप सिंह राणा से मुलाकात की। उप कमांडेंट ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, अर्धसैनिक बलों और आमजन में सामंजस्य बनाना है। जिससे भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। संवाद

Jaldeep, Jaipur, (Raj)

# आरएएफ द्वारा घरेलू महिलाओं के लिए कमाई के अवसर पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



■ जलतेदीप कासं, जयपुर

प्रवीण कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट के निर्देशन तथा जागृति सिंह, अध्यक्षा, क्षेत्रीय सीआरपी0एफ कल्याण केन्द्र 83 बटालियन के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 13/05/2022 को वाहिनी मुख्यालय में ''घरेलु महिलाओं के लिए कमाई के अवसर'' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी उपस्थित आरसीडब्ल्यूए सदस्याओं ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री इशू शिवा (संस्थापक सैनिटी सोशल इंटरप्राईजेज सह संस्थापक जीवन अर्थ फाउंडेशन जयपुर) को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की आर्थिक सक्षमता के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा ऐसे कार्य जिनके माध्यम से घरेलु महिलाये घर पर रहते हुए कमाई कर सकती है, जैसे (ब्यूटी पार्लर, आचार, टिफिन सर्विस, डे केयर सेंटर) आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जागृति सिंह, अध्यक्षा, आरसीडब्ल्यूए, श्रीमती सपना पायल, उपाध्यक्षा, आरसीडब्ल्यूए, महिला पदाधिकारी, अधिकारियों तथा जवानों के परिवार के सदस्यों के साथ ही कैंम्पस के निकटवर्ती क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया।

**Rajasthan Vikas Darpan , Amir, (Raj)**

# सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने किया योगाभ्यास



**राजस्थान विकास दर्पण**

**आमेर/रोहन शर्मा ।** भारत सरकार की ओर से चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत योगा अभियान के तहत योग के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के लिए राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास गांव स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 83 बटालियन की ओर से विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों पर चलाये जा रहे योग अभियान के अन्तर्गत कनक घाटी बाग आमेर में कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## मनुष्य के जीवन में महत्त्व को बताया

कार्यक्रम के दौरान सहायक कमांडेंट रामजस यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित जवानों और आमजन को योग का मनुष्य के जीवन में महत्त्व को बताया। साथ ही योग से होने वाले लाभों से अवगत करवाया। आगामी 21 जून को आने वाले 8वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में चलाये जा रहे योग कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निरीक्षक महेश पुरी और वाहिनी के योग प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिक सिपाही रोहिताश ने कनक घाटी बाग में उपस्थित सभी कार्मिकों को योगाभ्यास करवाया।

## Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF




**194BN RAF FAM-EX DUTY U/PS GANAUR & ASANDH, (HARYANA)**

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**